e-office No 603027/19/CF

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
### (हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.5-1/2019-हिं.अ. दिनांक: 04.09.2019

**विषय: संस्थान में हिंदी पखवाड़े के दौरान स्टाफ वर्ग हेतु आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय एवं नियम व शर्तों संबंधी।**

संस्थान में निदेशक महोदय की अनुमति से दिनांक 02.09.2019 से 14.09.2019 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत संस्थान के स्टाफ-सदस्यों हेतु दिनांक 12.09.2019 को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए निम्नानुसार विषय एवं नियम व शर्तें निर्धारित की गई हैं:-

(क) वाद-विवाद का विषय : **समाज पर सोशल मीडिया का प्रभाव**

(ख) नियम एवं शर्तें

1. प्रत्येक प्रतिभागी को अपना पक्ष रखने के लिए **3 मिनट** का समय दिया जाएगा। प्रारंभ के ढ़ाई मिनट बाद एक कम अवधि की घंटी बजेगी तथा उसके **30 सेकेण्ड** के पश्चात एक लम्बी घंटी बजेगी। इस लंबी घंटी के बजने के बाद प्रतिभागी को अपना कथन समाप्त करना होगा।
2. प्रतिभागी को केवल विषय से संबंधित **पक्ष अथवा विपक्ष** में ही अपना पक्ष रखना होगा।
3. प्रतिभागी को प्रतियोगिता में लिखित रूप से अपना पक्ष प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं होगी।
4. प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल का निर्णय **अंतिम एवं मान्य** होगा।

प्रेम सिंह 04.9.19

(प्रेम सिंह तोमर)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

---

• **उप-निदेशक (कंप्यूटर सुविधा)** - कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
-4 SEP 2019
समय / Time
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi-29

श्री संजय गुप्ता
कृपया वेबसाइट पर अपलोड करें।